**एक नजर में**

## साहू टेलीफ़ोन एडवाइज़री समिति के सदस्य नियुक्त



**कन्नौद।** सांसद विवेककृष्ण तनखा के सुझाव पर रमेश के साहू एडवोकेट सहित सात अन्य बने केंद्र की टीएसी ( टेलीफोन एडवाइजरी कमेटी ) बीएसएनएल के सदस्य संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जारी किए नियुक्ति पत्र नईदिल्ली/इटारसी नर्मदापुरम/जबलपुर भोपाल/ केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा सांसद विवेककृष्ण तनखा के सुझाव पर बीएसएनएल की टेलीफोन एडवाइजरी समिति (टीएसी) में तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष रमेश के साहू एडवोकेट सहित 2 अन्य साहू समाज के प्रतिनिधियों को सदस्य के रूप में नामित किया किया है । उक्त आशय का नियुक्ति पत्र श्री सिंधिया ने श्री तनखा को अवगत कराते हुए टीएसी सदस्यों में रमेश के साहू एडवोकेट इटारसी, मोहित साहू एवं मयंक साहू नरसिंहपुर, के टेलीफोन एडवाइजरी कमेटी में सदस्य मनोनीत होने संबंधी पत्र जारी किया है। जिसमें 5 अन्य सदस्य भी है ।श्री साहू की नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जय दत्त क्षीरसागर ने हर्ष व्यक्त करते हुए सामाजिक प्रतिनिधित्व हेतु केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्य सलाहकार रमेश के साहू एडवोकेट इटारसी टेलीफोन एडवाइजरी कमेटी एवं रेलवे की उपभोक्ता सलाहकार समिति (डी आर यू सी सी) के सदस्य के रूप में केंद्र सरकार द्वारा नामित किया गया हैं ।श्री साहू सहित सभी सदस्यों के मनोनयन पर शुभचिंतकों एवम् तैलिक साहू राठौर समाज के सदस्यों ने संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं सांसद विवेक कृष्ण तंखा का आभार व्यक्त करते हुए नवनियुक्त सदस्यों को बधाइयां प्रेषित की है।

## महिलाओं ने डबल चौकी प्रभारी पर लगाए गंभीर आरोप



**देवास।** ग्राम राधोगढ़ की तीन महिलाओं ने डबल चौकी प्रभारी मयंक वर्मा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर को लिखित शिकायत सौंपी है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि चौकी प्रभारी स्थानीय भूमाफिया और गांव के कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ मिलकर उनकी कृषि भूमि हड़पने की साजिश रच रहे हैं। शिकायतकर्ताओं रामीबाई, कोमल और काजल ने बताया कि संबंधित भूमि पर न्यायालय से उनके पक्ष में स्थगन आदेश (स्टे) जारी है, इसके बावजूद विपक्षी पक्ष जबरन कब्जे का प्रयास कर रहा है। महिलाओं का कहना है कि 8 नवंबर की शाम चौकी प्रभारी मयंक वर्मा बिना किसी वारंट या आदेश के उनके घर पहुंचे और उन्हें जबरन चौकी ले जाकर अभद्र व्यवहार किया गया। साथ ही झूठे प्रकरण में फंसाने की धमकी भी दी गई। शिकायत में उल्लेख किया गया है कि विवादित भूमि फोरलेन बायपास के समीप स्थित होने से उसकी कीमत अधिक है, जिस पर कब्जा करने के लिए दबंग तत्व सक्रिय हैं। महिलाओं ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर चौकी प्रभारी को पद से हटाया जाए तथा उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए।

## जनसुनवाई के आवेदनों को निराकरण के लिए भेजा



**देवास।** नगर निगम मे प्रति बुधवार होने वाली महापौर जनसुनवाई मे 12 नवम्बर को महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा निगम बैठक हाल मे जनसुनवाई कर नागरिकों से उनकी निगम संबंधि समस्याओं के आवेदन प्राप्त किये। जिसमे वार्ड 27 मोती बंगला निवासी सुरेन्द्र कुमार के द्वारा रोड पर सफाई नही हाने तथा नाली सफाई, 72/6 नई आबादी निवासीगण सचेन्द्रसिह मुछाल, विजयसिह, रिंकी मुछाल अजहर खान आदि द्वारा पेड की डगालें कटवाने, वार्ड 21 बजरंग नगर निवासी राजेश जैन द्वारा रोड को घेरकर शासकीय भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने, पुष्पकुंज कालोनी निवासी बाबु पटेल द्वारा गंदे पानी की निकासी करने, शंकरगढ निवासी गोरेलाल बनेसिह द्वारा निवास के पास अवैध अतिक्रमण करने, वार्ड 12 राजाराम नगर निवासी मधु पति रमेश तिवारी द्वारा गंदे पानी की निकासी करवाने, वार्ड 20 विकास नगर निवासी शैलजा मुंगी सडक निर्माण करवाने, आवेदकगण दिपक बाथम, अर्जुन कहार आदि के द्वारा सिटी मे संचालित मछली की दुकानों को बंद करवाने, रधागंज निवासी भीमसिह राणा द्वारा पुराना नारियल का पेड कटवाने, मुखर्जी नगर निवासी सुरेन्द्र कुमार जोशी द्वारा निवास के पास खाली पडे प्लाट पर कचरा फैंकने की शिकायत के आवेदन महापौर को नागरिकों द्वारा दिये गये। महापौर द्वारा प्राप्त आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर उनका निराकरण समय सीमा मे किये जाने के निर्देश दिये गये। महापौर द्वारा जनसुनवाई के दौरान 5 व्यवसाईयों को खाद्य व अखाद्य लायसेंसों का वितरण किया गया। इस अवसर पर निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, आरती खेडेकर, उपायुक्त वित्त दिपक पटेल, प्र. कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती, जगदीश वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, कार्यालय अधिक्षक अशोक देशमुख, लेखा अधिकारी दिलीप गर्ग, उपयंत्री पलक श्रीवास्तव, जीवन रावत, सुर्यप्रकाश तिवारी, प्रवीण पाठक, विशाल जगताप, हरेन्द्रसिह ठाकुर, विकास शर्मा, भाजपा नेता विपुल अग्रवाल, जितेन्द्र जायसवाल एवं नागरिकगण व व्यवसाई उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय स्वरूप में मनाई जाएगी बिरसा मुंडा जयंती

**बागली।** आगामी 15 नवंबर को पूरे प्रदेश में बिरसा मुंडा जयंती जोर शोर से मनाए जाने के शासन स्तर पर आदेश जारी किए गए हैं। पहली बार बिरसा मुंडा जयंती को प्रत्येक स्थान पर मनाए जाने के शासकीय निर्देश जारी किए हैं। इस बार देवास जिला स्तरीय कार्यक्रम बागली मुख्यालय पर आयोजित किया जाएगा शासन के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी शासन भी इस पर्व को मनाने के लिए तैयारी कर रहा है। विगत दिनों बागली विश्राम ग्रह पर आयोजित बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष राय सिंग सेंधव बागली विधायक मुरली भंवरा नगर परिषद अध्यक्ष महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल यादव भाजपा जिला मंत्री शोभा गोस्वामी आदिवासी नेता खुशी लाल राठौर बंटी भार्गव मुकेश वास्केल टीकीं बारेला मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव राम प्रसाद चौहान मांगीलाल बछानिया रामविलास सरवन सहित संगठन से जुड़े अन्य कार्यकर्ता ओं की उपस्थिति में भगवान बिरसा मुंडा जयंती को बड़े स्तर पर मनाए जाने के लिए कार्य योजना तैयार की गई। संगठन की सहमति से इस महत्वपूर्ण कार्य की जिम्मेदारी के रूप में अध्यक्ष महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल यादव को प्रभारी बनाया गया वहीं आदिवासी नेता खुशी लाल राठौर को सह प्रभारी बनाया गया

# श्रीहरि भाऊ स्कूल में बच्चों के भविष्य से खिलवाड़

**शिक्षक हटाने पर उठे सवाल**

**देवस/भौरासा।** जहा भौरासा नगर के श्री हरि भाऊ उपाध्याय शासकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक बार फिर शिक्षक की कमी को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। विद्यालय में लगभग दो दशक से राजनीति विज्ञान विषय का उच्च प्रभार का पद रिक्त था। हाल ही में जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) देवास के आदेश पर पीपलरांवा के शिक्षक मुन्नालाल अंगोरिया को इस पद पर पदस्थ किया गया था। अंगोरिया ने 13 अगस्त 2024 को भौरासा विद्यालय में कार्यभार ग्रहण भी कर लिया था, लेकिन मात्र दो सप्ताह बाद 29 अगस्त से उन्होंने विद्यालय आना बंद कर दिया। सूत्रों के अनुसार, डीईओ ने पीपलरांवा क्षेत्र के नागरिकों के दबाव में आकर उन्हें पुन: वहीं पिपलरांवा मे पदस्थ कर दिया है।





**क्या शिक्षा व्यवस्था दबाव में**

स्थानीय नागरिकों का सवाल है

### 20 वर्षों बाद मिला शिक्षक, फिर हुआ तबादला

स्थानीय शिक्षकों और अभिभावकों का कहना है कि यह निर्णय भौरासा के विद्यार्थियों के साथ अन्याय है। लगभग 20-22 वर्षों बाद जब भौरासा नगर के विद्यालय को राजनीति विज्ञान विषय का शिक्षक मिला था, तो बच्चों में खुशी थी। लेकिन कुछ ही दिनों में उन्हें वापस भेज देने से विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार में जाता दिखाई दे रहा है।

कि अगर पीपलरांवा के बच्चों के लिए दबाव बन सकता है, तो क्या भौरासा के बच्चे शिक्षा से वंचित रहेंगे? लोगों का कहना है कि जिला शिक्षा अधिकारी को पूरे जिले के विद्यार्थियों के हित में समान रूप से निर्णय लेना चाहिए, न कि किसी के दबाव में।

इस मामले में जब सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उनसे बात नहीं हो सकी। भौरासा के विद्यार्थी और अभिभावक अब जिला प्रशासन से यह उम्मीद लगाए बैठे हैं कि जल्द ही शिक्षक की नियुक्ति कर बच्चों की पढ़ाई को सही दिशा दी जाएगी। वहीं यह मामला यह भी उजागर करता है कि शिक्षा विभाग में दबाव की राजनीति किस तरह बच्चों के भविष्य पर असर डाल रही है।

# साक्षरता शिविर का आयोजन

**श्रमिकों को उनके कानूनी अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में जागरूक किया**

**देवास।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास श्री अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह-2025 की कार्य योजना के अनुसार दोपहर 02 बजे किर्लोस्कर कंपनी देवास में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में प्रधान जिला न्यायाधीश देवास श्री अजय प्रकाश मिश्र ने श्रमिकों को उनके कानूनी अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में जागरूक किया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में विस्तृत जानकारी देकर निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी एवं यातायात नियमों के प्रति भी कानूनी जानकारी देकर जागरूक किया।

विधिक साक्षरता शिविर में श्री रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास ने भी निःशुल्क विधिक सहायता एवं विधिक सहायता के लिए पात्र व्यक्तियों के बारे में भी श्रमिकों को जानकारी देकर जागरूक किया। शिविर में कंपनी प्रबंधक राजेश घाघरे, मनोज जोशी श्रम कल्याण अधिकारी, विश्राम लेले प्लांट हेड एवं वरिष्ठ अधिवक्ता दीपक नाईक सहित कंपनी के श्रमिकगण उपस्थित थे।

# डोडिया टीवीएस पर इलेक्टिक स्कूटर





**देवास।** डोडिया टीवीस पर टीवीस की नई इलेक्टिक स्कूटर ऑर्बिटर को लॉन्च किया गया यह स्कूटर 3.1 kw में आता है जो कि 158 किमीकी आयडीसी रेंग के साथ आता है इस स्कूटर के क्रूज़ कंट्रोल जैस कई नए फीचर्स दिए गए है जो आज के युवा को काफी पसंद आएंगे इसकी एक्सशोरूम प्राइस केवल 104200/- है एवं tvs NTORQ स्पोर्ट स्कूटर 150 CC जिसका एक्सशोरूम प्राइस 109400 /- है जिसमे Single channel ABS दिया गया है यह भारत का पहला हाइपर स्कूटर है जिसमे ALEXA & SMART WATCH INTEGRATION NEVIGATION ASSIST CRASH ALART जैसे नए फचर्स से लेस है। इस गाड़ी की लॉन्चिंग के मुख्य अतिथि रवि जैन (सभापति देवास नगर निगम) के करकमलो द्वारा किया गया एवं साथ ही टीवीस मोटर कंपनी के टीम आदि मौजूद रहे।

# एडीएमपी चिकित्सकों का पारिवारिक मिलन समारोह

**देवास।** एसोसिएशन ऑफ देवास मेडिकल प्रेक्टिशनर्स के सदस्यों का पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन एक निजी गार्डन में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम संस्था अध्यक्ष डॉ. मुग्धा कुलकर्णी, सचिव डॉ. वरूण आनंद, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आर.सी.शर्मा, डॉ. स्मिता दुबे, डॉ. एम.एम. अग्रवाल, डॉ. प्रमोद माहेश्वरी, डॉ. अरूण दुबे ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. शाम्भवी देवकर ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। मीडिया प्रभारी डॉ. आर.एस.दुबे ने बताया कि इस पारिवारिक मिलन समारोह में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। छोटे बच्चों द्वारा फेंसी ड्रेस में वीर शिवाजी, महारानी लक्ष्मीबाई, डोरेमान, नन्हीं परी आदि का स्वरूप धारण कर उपस्थित जनों को गुदगुदाया। युगल नृत्य में डॉ. नीरज खरे, डॉ. संध्या खरे ने तथा डॉ.सुलभा रानी, डॉ. पूनम भाटिया,





डॉ. ऋतुसिंह, डॉ. प्राची माहेश्वरी एवं डॉ. निशीथ गगरानी, डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. प्रतीक श्रीवास्तव, डॉ. रूपल श्रीवास्तव, रश्मि गगरानी, टीना गुप्ता ने अपनी प्रस्तुति से समा बांध दिया। डॉ. इदरदीप अरोरा एवं डॉ. पुनीत माहेश्वरी के निर्देशन में जयप्रीतसिंह अरोरा व उनके साथी बच्चों ने व्यंगात्मक नाटिका हमारा नंबर कब आएगा प्रस्तुत कर उपस्थितजनों को खूब हंसाया। डॉ. आर.एल.वर्मा, डॉ. इंदरदीप अरोरा, डॉ. प्रमोद बाफना, डॉ. अजय करकरे, क्षितिज वर्मा, डॉ. शाम्भवी देवकर, डॉ. राशि केलकर, डॉ. सीमा कोठारी, टीना गुप्ता, डॉ. अनुराधा देवकर ने अपनी आवाज में कव्वाली की प्रस्तुति देकर खूब दाद बटोरी। बीच बीच में डॉ. वरूण आनंद व डॉ. अशोक सेंधव ने उपस्थित जनसमूह से पहेलिया पूछकर मनोरंजन का वातावरण निर्मित किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष डॉ. मुग्धा कुलकर्णी ने सभी की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ.वरुण आनंद, डॉ. इन्दरदीप अरोरा, डॉ. पुनीत माहेश्वरी, डॉ.सीमा कोठारी, डॉ.आर.एल.वर्मा, डॉ. सुलभा रानी, डॉ.आर.एस.दुबे, डॉ. अशोक सेंधव, डॉ.रीतू सिंह, डॉ. राजसी केलकर, डॉ.अभिषेक सोनी, डॉ.निलेश गगरानी का अनुकरणीय योगदान रहा। कार्यक्रम में डॉ. के.सी. कोठारी, डॉ. एम.एल.श्रीवास्तव, डॉ. अजय करकरे, डॉ. दिलीप जोशी, डॉ. निलेश गगरानी, डॉ. मजहर शेख, डॉ. मोहन वर्मा, डॉ. सुनील लाड, डॉ. नितिन डोर, डॉ. अश्विन सोनगरा, डॉ. एस.के.शुक्ला, डॉ. अनुराधा गगरानी, डॉ. शिरिश अग्रवाल, डॉ. शिनु अग्रवाल, डॉ. अनूपसिंह, डॉ. प्रसन्ना कुलकर्णी, डॉ. अनुराधा देवकर , डॉ. प्रदीप गुप्ता, आदि संस्था के सभी चिकित्सक अपने परिवार सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सीमा कोठारी व अभिषेक सोनी ने किया तथा आभार संस्था सचिव डॉ. वरूण आनंद ने व्यक्त किया।

# कलेक्टर ने जिले के 28 बंध पत्र चिकित्सकों को शोकाज नोटिस दिया

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जिले के 28 बंध पत्र चिकित्सकों को उनके निर्धारित कर्तव्य स्थल से लंबे समय से अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए हैं ।आदेश में उल्लेख है कि यह सभी चिकित्सक का बिना सक्षम स्वीकृति के लंबे समय से अनुपस्थित है, जो बंध पत्र की शर्तों का उल्लंघन है और यह आचरण कदाचरण की श्रेणी में आता है। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिये है कि जनहित एवं स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नागरिको को समय पर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना ही प्रदेश सरकार और प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया कि इस गंभीर लापरवाही पर संबंधित चिकित्सकों को उक्त अवधि की नो वर्क नो पे के आधार पर अवैतनिक करते हुए उनके विरुद्ध वरिष्ठ कार्यालय को बंध पत्र निष्पादित करने में लापरवाही के फल स्वरुप बंध पत्र की राशि वसूली का प्रस्ताव अधिरोपित करने की कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। चिकित्सकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने प्रति उत्तर पत्र एवं प्रमाण निर्धारित समयावधि में सीएमएचओ कार्यालय के माध्यम से प्रस्तुत करें अन्यथा की स्थिति में एक पक्षी कार्यवाही के लिए चिकित्सक स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### इन चिकित्सकों को दिया कारण बताओ सूचना पत्र

कारण बताओ सूचना पत्र डॉ आकाश वर्मा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांटाफोड़, डॉ फरीदा पीठेवान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भौंरासा, डॉ. कार्तिक बाथम सिविल अस्पताल सोनकच्छ, डॉ. श्रद्धा गंगवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयागंज मंडी, डॉ रुद्री अग्रवाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली, डॉ. यतिका मित्तल सिविल हॉस्पिटल सोनकच्छ, डॉ दर्श जैन सिविल हॉस्पिटल हाटपीपल्या, डॉ कंचन गुप्ता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौबाराधीरा, डॉ प्रतिभा चावड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आमला, डॉ शुभांगी गुरले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कन्नौद, डॉ रिद्धिश भंडारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कन्नौद, डॉ. स्वप्निल पाटीदार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांटाफोड़, डॉ. सुवर्ना भगोरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डबलचौकी, डॉ निशा दवे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदय नगर, डॉ हिमानी चंपक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयागंज मंडी, डॉ पूजा नरवरिया सिविल हॉस्पिटल सोनकच्छ, डॉ मिताली लाहोरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयागंज मंडी, डॉ लीन चौधरी सिविल अस्पताल कन्नौद, डॉ अनुष्का जैन सिविल अस्पताल हाटपीपल्या, डॉ हिमांशी रूपालिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयागंज मंडी, डॉ हिमांश मेहता सिविल हॉस्पिटल सोनकच्छ, डॉ राहुल ममरोट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली, डॉ. स्वप्निल राय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतवास, डॉ.छाया यादव सिविल अस्पताल कन्नौद, डॉ कार्तिक जाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विजयागंज मंडी, डॉ श्रुति भारती प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौबाराधीरा, डॉ मेघल छाबड़िया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करनावद, डॉ समर्पित मिश्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली को दिया गया है।

# शासकीय स्कूल बच्चों को मिली आधुनिक सुविधाएं



**देवास।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय महाकाल कॉलोनी में बच्चों को आधुनिक सुविधाएं मिल रही हैं। प्रधान अध्यापक महेश सोनी ने बताया कि किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाएं प्रदान की गई हैं। करवे इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल सर्विस, पुणे द्वारा विद्यालय में कई विकासात्मक कार्य किए गए। विद्यालय में बाला पेंटिंग, सौर ऊर्जा से चलित टीवी, रोबोटिक्स एवं इनोवेशन लैब, हैंडवॉश स्टेशन, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के लिए सभी आवश्यक संसाधन, अग्निशमन यंत्र की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। विद्यालय को गुणवत्तापूर्ण मानकों के अनुरूप लाने के लिए आईएसओ प्रमाणन हेतु ऑडिट भी कराया गया है। शीघ्र ही यह प्रमाण पत्र विद्यालय को प्राप्त होगा, जो प्रदेश में प्रथम होगा। विद्यालय के सर्वांगीण विकास में किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड की ओर से मोहिनी कुडतर्कर एवं करवे इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल सर्विस के निदेशक डॉ. महेश ठाकुर, परियोजना प्रोजेक्ट मैनेजर मोहम्मद ज़ैद अत्तर, समीर रूपलग, को ऑर्डिनेटर संदीपसिंह राजपूत, लीला अहिर ने सहयोग एवं मार्गदर्शन दिया। नूतन संकुल प्राचार्य अशोक साहू एवं बीआरसी किशोर वर्मा ने बताया कि इस प्रकार के नवाचार से विद्यालय का अकादमिक स्तर बढ़ेगा और नामांकन में वृद्धि होगी।

# ऋण वितरण प्रक्रिया होगी आसान किसानों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**देवास।** देवास जिले के किसानों को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित देवास से कृषि यंत्रों एवं कृषि ऋण वितरण समयावधि में व सुविधापूर्ण तरीके से किए जाने के उद्देश्य से तथा किसानों को ऋण वितरण में होने वाली समस्याओं के निराकरण करने की दृष्टि से जिला बैंक देवास में नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) बनाया गया हैं। जिले के किसान ऋण वितरण की संपूर्ण प्रकिया की जानकारी प्राप्त करने, ऋण संबंधी जानकारी व अन्य संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए कन्ट्रोल रूम में नंबर 0755-2840615 एवं मोबाइल नम्बर 92855-08005 पर संपर्क कर सकते हैं।

बैंक द्वारा सभी प्रकार के कृषि एवं अकृषि ऋण वितरण किए जाते हैं। जिले के कृषकों के लिए ऋण वितरण और अधिक सुविधाजनक हो सके इसके लिए कलेक्टर ऋ तुराज सिंह के निर्देशानुसार यह पहल बैंक द्वारा की गई है।

# विद्यालयों के समय में पूर्व में जारी आदेश में संशोधन

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने देवास जिला अंतर्गत तापमान में अचानक आई गिरावट के कारण समस्त शासकीय /अशासकीय अनुदान प्राप्त/मान्यता प्राप्त सी.बी.एस.ई./आई.सी.एस.ई./ माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं समस्त बोर्ड से सम्बद्ध विद्यालयों में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं के स्वास्थ पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना के दृष्टिगत रखते हुए पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए आदेश जारी किये है कि जिले के समस्त विद्यालयों में कक्षा नर्सरी से पांचवी तक की कक्षाएं प्रात 10 बजे एवं कक्षा 06 से 12वीं तक की कक्षाएं प्रात 09 बजे से पूर्व संचालित नहीं की जाये।

**एक नजर** समारोह में लगभग 200 समूह सदस्य उपस्थित रहे

# धर्मेश्वर मंदिर प्रांगण में उत्कृष्ट समूह सदस्यों का सम्मान समारोह

**सतवास।** समीप धर्मेश्वर महादेव मंदिर परिसर (पोखर) में 12 नवंबर 2025 समाज प्रगति सहयोग द्वारा प्रोत्साहित काँटाफोड़ प्रगति समिति के क्षेत्रीय कार्यालय सतवास की पहल पर ग्राम धासढ में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि इंद्रा गोयल (सरपंच, बाईजगवाडा ग्राम पंचायत) तथा बैंक ऑफ इंडिया बाईजगवाडा के शाखा प्रभारी रविकांत विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही समाज प्रगति सहयोग के रीजनल कोर्डिनेटर इमरान खान, धर्मेन्द्र



राजावत, खातेगांव प्रगति समिति के प्रभारी शुभम गुंगलानी, काँटाफोड़ प्रगति समिति की प्रभारी ममता कनेल, तथा सतवास कार्यालय प्रभारी मनोहर धारसिया सहित पूरा स्टाफ एवं सामाजिक कार्यकर्ता मनोज राय कार्यक्रम में मौजूद रहे। वर्ष 2024-25 के दौरान समूह के पंच सूत्र—नियमित बचत, नियमित उपस्थिति, नियमित ऋण वापसी, सही उपयोग एवं समूह की मजबूती—का अनुशासित पालन करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 35 समूह सदस्यों को अवार्ड और साल भेंटकर सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ इमरान खान ने समाज प्रगति सहयोग के उद्देश्यों और आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए किया। कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए क्षेत्र की बालिकाओं द्वारा मनमोहक गरबा नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसे सभी ने सराहा। इसके साथ ही समूह कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी एवं रोचक बनाने हेतु 'प्रगति विस्तार एप' पर चर्चा की गई। धर्मेन्द्र राजावत ने संस्था द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)

**निविदा सूचना**

सूचना क्र./158/लो.नि.वि./25 देवास, दिनांक 06.11.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http:// www. mptenders. gov. in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेन्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD _461117_1 | वार्ड क्रं. 41 अखाडा रोड़ पर राम मंदिर से मालीपुरा रोड़ तक नाली निर्माण कार्य। | 02 माह 10,10,000/- | 2,000 /- 7,575/- | 19.11.2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, देवास